आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 19.03.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सीएम हेल्पलाइन 1905 की बैठक ली, लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।
- प्रदेश में प्रधानमंत्री के फिट इंडिया अभियान को धरातल पर उतारने की तैयारी जोरों पर, ईट राइट इंडिया अभियान की पृष्ठभूमि में नए सिरे से कवायद।
- महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने ''मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना'' के तहत 5 हजार से अधिक बच्चों के खातों में डीबीटी के माध्यम से तीन माह की धनराशि जारी की।
- प्रेम, सद्भाव और आस्था का प्रतीक देहरादून का ऐतिहासिक झंडा जी मेला आज से शुरू।

**मुख्यमंत्री 1905 बैठक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली से सीएम हेल्पलाइन 1905 की बैठक लेकर अधिकारियों को लंबित समस्याओं के समाधान में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शिकायतकर्ताओं से बातचीत करते हुए हेल्पलाइन में उनके द्वारा दर्ज शिकायतों पर हुई कार्रवाई की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को शिकायतों के समाधान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लेने और उन पर कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनता की हर समस्या का शीघ्र समाधान हो और उनके जीवन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**ईट राइट अभियान**

प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान को धरातल पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है। इसके तहत सबसे पहले, शैक्षणिक संस्थानों पर फोकस किया गया है। ईट राइट इंडिया अभियान की पृष्ठभूमि में छात्र–छात्राओं में स्वास्थ्य जागरूकता के लिए नए सिरे से कवायद की जा रही है। इस संबंध में स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की ओर से विद्यालयी शिक्षा के अलावा समाज कल्याण, कौशल विकास एवं सेवायोजन, संस्कृत शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिवों को पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र में छात्र–छात्राओं में संतुलित आहार के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए उचित कदम उठाए जाने पर जोर दिया गया है। फिट इंडिया अभियान के तहत विद्यालयी शिक्षा विभाग, छह ईट राइट किचन का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। इस प्रस्ताव को जल्द ही केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। समग्र शिक्षा अभियान के अपर निदेशक

कुलदीप गैरोला के अनुसार– छह विद्यालयों में ईट राइट की व्यवस्था के लिए ये किचन बनाए जाएंगे। इसके अलावा डिस्पले बोर्ड के माध्यम से फिट इंडिया और ईट राइट का संदेश प्रसारित किया जाएगा।

भारत अंतरिक्ष स्टेशन

केंद्र सरकार ने 2035 तक भारत अंतरिक्ष स्टेशन नाम से अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की योजना बनाई है और अगर सब कुछ सही रहा तो 2040 तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज लोकसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि चंद्रयान–4 को दो प्रक्षेपण यानों के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा।
श्री सिंह ने कहा कि इस साल के अंत तक एक महिला रोबोट के साथ गगनयान की परीक्षण उड़ान शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह गौरव, गर्व और राहत का क्षण है कि सुनीता विलियम्स धरती पर सुरक्षित वापस आ गईं हैं।

**राज्यपाल/प्रधानमंत्री भेंट**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को राजभवन उत्तराखण्ड के डिजिटल और टेक्नोलॉजी पर आधारित नवाचारों का संकलन ''गवर्नर्स डिजिटल हब'' और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आध्यात्मिक मार्गदर्शन पर आधारित एआई–संचालित चैटबॉट ''इटरनल गुरु'' ब्रोशर्स भेंट किए। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के उत्तराखंड भ्रमण से प्रदेश के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन विकास को मिले नए आयाम के लिए उनका धन्यवाद किया।

वात्सल्य योजना धनराशि

महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज ''मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना'' के तहत कोरोना काल में माता पिता को गवां देने वाले बच्चों के खातों में 01 जनवरी से 31 मार्च– 2025 तक, तीन महीने की धनराशि डीबीटी के माध्यम से जारी की। प्रदेश के सभी जिलों में लगभग 5 हजार 542 लाभार्थियों को 4 करोड़ 96 लाख से अधिक की धनराशि जारी की गई है। इस अवसर पर श्रीमती आर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह योजना बेसहारा बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है।

**झंडा जी मेला**

प्रेम, सद्भाव और आस्था का प्रतीक देहरादून का ऐतिहासिक झंडा जी मेला आज से शुरू हो गया है। आज सुबह झंडे जी की विशेष पूजा–अर्चना की गई। इसके बाद झंडे जी पर गिलाफ चढ़ाने की रस्म शुरू हुई। दोपहर को श्री गुरु राम राय दरबार में श्री महंत देवेंद्र दास जी महाराज की अगुवाई में 90 फीट ऊंचे झंडे

जी का आरोहण हुआ। परम्परा अनुसार इस साल ध्वजदंड को भी बदला गया। इस अवसर पर उत्तराखंड सहित दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इस साल पंजाब के जिला चिक्का नवाशहर के राजेंद्र पाल सिंह और सतनाम सिंह के परिवार को दर्शनी गिलाफ चढ़ाने का सौभाग्य मिला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह मेला श्री गुरु राम राय जी के पावन जन्मोत्सव पर परंपरागत रूप से मनाया जाता है और यह मानवता व विश्वास से ओत–प्रोत है। मुख्यमंत्री ने श्री गुरु राम राय जी महाराज की शिक्षाओं को प्रासंगिक बताते हुए सभी श्रद्धालुओं को इस आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

## पुल निर्माण बागेश्वर

बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कपकोट के सोराग में तय समय सीमा समाप्त होने के बावजूद पुल का निर्माण कार्य पूरा न होने पर कार्यदायी संस्था को फटकार लगाई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि कपकोट तहसील में सोराग गांव को जोड़ने के लिए पिंडर नदी में 60 मीटर स्पान का गार्डर पुल बनाया जा रहा है। पुल के नहीं बनने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## **फिजियोथैरेपी सेंटर शुभारम्भ**

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज सचिवालय में फिजियोथैरेपी सेंटर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सचिवालय कार्मिकों को कार्यस्थल पर ही बेहतरीन फिजियोथैरेपी सुविधा उपलब्ध करवाने का यह प्रयास प्रशंसनीय है। मुख्य सचिव ने इस पहल के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग और उत्तराखण्ड सचिवालय संघ की सराहना की।